दुनियाँ से दिल लगाकर

दुनियाँ से दिल लगाकर, दुनियाँ से क्या मिलेगा ll
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा l
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

जिसको तूँ समझें अपना, वोह तो है झूठा सपना l
तेरा श्याम है सहारा, बस उनका नाम जपना l
सब द्वार बंद होंगे, यह दर खुला मिलेगा l
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा l
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

कितना छुपा ले दामन, बाबा को सब पता है l
नेकी बदी को तेरी, हर पल वोह लिख रहा है l
जिस दिन हिसाब लेगा, उसे क्या जबाब देगा l
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा l
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

दौलत हो या हकूमत, ताक़त हो या जवानी l
हर चीज़ मिटने वाली, हर चीज़ आनी जानी l
यह सब गरूर एक दिन, मिटटी में जा मिलेगा l
बाबा का नाम जप ले, तुझे आसरा मिलेगा l
दुनियाँ से दिल लगाकर,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

Source: https://www.bharattemples.com/duniya-se-dil-lagakar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw